डी. ए . वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

प्रतिवेदन - ओणम समारोह - 2022-2023

चलो हम सब मिलकर त्योहार मनाएँ,
अपनी संस्कृति और धरोहर को बचाएँ।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई के परिसर में ओणम का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। जैसे फूल बगिया में खुशबू फैलाते हैं, उसी प्रकार डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के नन्हें कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन करके विद्यालय के प्रांगण को महका दिया। सर्वप्रथम बच्चों ने दिव्य गायत्री मंत्र से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फिर ओणम त्योहार से जुड़ी सभी जानकारियों को भाषण के माध्यम से उपस्थित लोगों के साथ साझा किया जो काफी ज्ञानवर्धक था। तत्पश्चात बच्चों ने केरल का पारंपरिक भव्य नृत्य प्रस्तुत किया। मंच पर बच्चों द्वारा बनाई गई फूलों की रंगोली और मधुर तान पर नौका दौड़ के अभिनय ने सबका मन मोह लिया। तिरूवातिरकली के माध्यम से ओणम में बनाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के बारे बताया।

इस कार्यक्रम से बच्चों ने मनोरंजन के साथ-साथ त्योहार के महत्त्व का संदेश भी लोगों तक पहुँचाया। त्योहार सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह हमें हमारी संस्कृति से परिचय कराती है, हमारे दायित्व के प्रति सचेत करती है और एकता की भावना जागृत करती है। यही हमारे देश की पहचान है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन और शान्ति पाठ से कार्यक्रम संपन्न किया गया।

‘त्योहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर है।’

डी. ए . वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

ओणम समारोह - 2022- 2023

केरल के पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति

नौका दौड़ के अभिनय की प्रस्तुति

ओणम त्योहार से जुड़ी सभी जानकारियों का ज्ञानवर्धक भाषण

मधुर तान पर फूलों की रंगोली का प्रदर्शन